01. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार ने नामांकन वापस लिया। पार्टी ने नीरज कुमार सिन्हा को बनाया नया उम्मीदवार।

02. उपराष्ट्रपति डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। गयाजी में विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्तानवे लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की।

04. और, राज्य में फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी पाने वाले तीन हजार पैंतीस शिक्षक चिन्हित। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – ऐसे शिक्षकों की सेवा होगी समाप्त।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक कुमार ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। पटना में पार्टी प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पारिवारिक कारणों से उन्होंने उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है।

––साउंड बाइट––

इस बीच, भाजपा ने उपचुनाव में नीरज कुमार सिन्हा को नया उम्मीदवार बनाया है। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

––साउंड बाइट––

गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के कारण बांकीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। नामांकन की अंतिम तिथि तेरह जुलाई तक निर्धारित है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में पटना में एनडीए के घटक दलों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद और जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में सरकार के कार्यों की समीक्षा, घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। भाजपा की श्रेयसी सिंह ने बताया कि बैठक में राज्य के विकास पर भी चर्चा हुई।

––साउंड बाइट––

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के नेता और मंत्री संजय सिंह ने बताया कि बैठक में जिले के प्रभारी मंत्रियों को एनडीए के घटक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ महीने में एक बार बैठक करने को कहा गया।

––साउंड बाइट––

बैठक में आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

––––––––––––––––––––––––––––––––

उपराष्ट्रपति डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन कल दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपराष्ट्रपति गयाजी में विधायकों के लिए आयोजित हो रहे दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। डॉक्टर कुमार ने बताया कि विधानसभा सचिवालय, लोकसभा के प्रबोधन एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा बिपार्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायकों को संसदीय और विधायी कार्यों के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

––साउंड बाइट––

उद्‌घाटन के मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्तानवे लाख चौरासी हजार से अधिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि अंतरित की। श्री चौधरी ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम से एक हजार चार सौ तेईस करोड़ रूपये की राशि जारी की। योजना की छह श्रेणियों के प्रत्येक लाभुकों को ग्यारह–ग्यारह सौ रूपये का भुगतान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर पेंशन राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की है, ताकि उनके जीवनयापन में सहायता मिल सके।

—— साउंड बाइट——

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

————————————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि इस बार के पंचायत चुनाव में आरक्षण का नया रोस्टर लागू होगा। नालंदा में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि दस वर्ष पूरे होने के कारण चुनाव में आरक्षण का नया रोस्टर प्रभावी होगा। श्री प्रकाश ने कहा कि पंचायत अध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख और जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव वर्तमान व्यवस्था के अनुसार अप्रत्यक्ष रूप से ही संपन्न होगा।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

प्रदेश में तीन हजार पैंतीस ऐसे नियोजित शिक्षक चिन्हित किये गए हैं, जिन्होंने फर्जी शैक्षणिक और प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी हासिल की थी। पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर निगरानी जांच ब्यूरो ने शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इन सभी शिक्षकों का नियोजन वर्ष दो हजार छह से लेकर दो हजार पंद्रह के बीच हुआ था। इस मामले में अबतक एक हजार आठ सौ तीस प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। इस बीच, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि दोषी शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण की विभागीय प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के लिए कल प्रशिक्षण होगा और उसके बाद शिक्षकों के तबादले के लिए आवेदन की तिथि जारी की जाएगी।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

प्रदेश में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सभी प्रारंभिक स्वीकृतियों को अगले एक वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रस्तावित चार परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में बांका के भितिया और शम्भूगंज तथा सिवान का दरौली शामिल है। तकनीकी कारणों से फिलहाल नवादा के रजौली को निर्धारित लक्ष्य से बाहर रखा गया है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में प्रस्तावित चार परमाणु ऊर्जा परियोजना स्थलों की तकनीकी स्थिति, भूमि और जल उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि अगले बारह महीनों के भीतर भूमि, जल आवंटन, बोरहोल ड्रिलिंग की अनुमति और अन्य आवश्यक प्रारंभिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से सैद्धांतिक स्वीकृति ली जा सके। समीक्षा के दौरान बताया गया कि नवादा के रजौली के निकट चिन्हित स्थल परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है। इसी वजह से इस स्थल को परियोजना से बाहर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, दो–दो सात सौ मेगावाट क्षमता वाले प्रत्येक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए लगभग एक हजार एकड़ भूमि और प्रतिवर्ष अस्सी मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की आवश्यकता होगी। उपयोग के बाद (रि–साइकल्ड) और (रेडिएशन–फ्री) जल का उपयोग सिंचाई सहित अन्य कार्यों में किया जा सकेगा। समाचार कक्ष से निधि श्री।

————————————————————————

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि बेगूसराय के सिमरिया सिक्स–लेन पुल पर एक्सपेंशन जॉइंट के तकनीकी अनुरक्षण का कार्य प्रगति पर है। मंत्रालय के अनुसार, अनुरक्षण कार्य के दौरान पुल पर यातायात सामान्य रूप से जारी है और यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले सात दिनों तक राज्य में बारिश की परिस्थितियां बनी रहेंगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के मैनाटाढ़ में रिकॉर्ड एक सौ पंचानवे दशमलव

छह मिलीमीटर बारिश हुई है। गोपालगंज, वैशाली, पूर्णिया और मधेपुरा जिले में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा रिकॉर्ड की गयी। मौसम विभाग ने कल पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले में अत्यधिक भारी बारिश, जबकि अररिया, किशनगंज, सुपौल, दरभंगा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी और सीवान जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत बहत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि की घोषणा कर दी है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, परीक्षा छब्बीस जुलाई को राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा दोपहर बारह बजे से दो बजे तक एक ही पाली में होगी।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार ने नामांकन वापस लिया। पार्टी ने नीरज कुमार सिन्हा को बनाया नया उम्मीदवार।

02. उपराष्ट्रपति डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। गयाजी में विधायकों के प्रबोधन कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के सत्तानवे लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की।

04. और, राज्य में फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी पाने वाले तीन हजार पैंतीस शिक्षक चिन्हित। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – ऐसे शिक्षकों की सेवा होगी समाप्त।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।